यूएफएस का आईपीओ 28 को खुलेगा

कोलकाता, 26 अप्रैल (जनसत्ता)। देश की अग्रणी कंपनी उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड (यूएफएस) का आईपीओ आगामी 28 अप्रैल, 2016 को खुलेगा। इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 207 रुपए से 210 रुपए के बीच है, जबकि प्रति इक्विटी शेयर फेस वैल्यू दस रुपए है। यह जानकारी मंगलवार को शहर में हुई एक प्रेस कांफ्रेंस में उज्जीवन फाइनेंसियल के एमडी और सीईओ समित घोष ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि यूएफएस का नया निर्गम आगामी 28 अप्रैल, 2016 को खुलेगा और 2 मई, 2016 को बंद होगा। घोष ने बताया कि कंपनी के इस नए आईपीओ में कुल 3,581.61 मिलियन इक्विटी शेयर का फ्रेश इश्यू समाहित है। समित घोष ने पत्रकारों को यह भी बताया कि यूएफएस ने अभी तक 470 शाखाओं और 7,862 कर्मचारियों के नेटवर्क के माध्यम से देश के चौबीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 27.7 लाख सक्रिय ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उन्होंने बताया कि यूएफएस के इस नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग कंपनी अपना पूंजी आधार बढ़ाने के लिए करेगी।